रजिस्ट्री सं. डी.एल. (एन) 04/0007/2003—05 REGD. NO. D. L. (N) 04/0007/2003—05

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-सा.-28082024-256685
CG-DL-W-28082024-256685

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY
साप्ताहिक
WEEKLY

सं. 29] नई दिल्ली, अगस्त 11,— अगस्त 17, 2024, शनिवार/श्रावण 20—श्रावण 26, 1946
No. 29] NEW DELHI, AUGUST 11,— AUGUST 17, 2024, SATURDAY/SHRAVANA 20—SHRAVANA 26, 1946

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह पृथक संकलन के रुप में रखा जा सके
Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

## भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
## PART II—Section 3—Sub-section (i)

**भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय अधिकारियों (संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा विधि के अंतर्गत बनाए गए और जारी किए गए साधारण सांविधिक नियम (जिनमें साधारण प्रकार के आदेश, उप-नियम आदि सम्मिलित हैं)**

**General Statutory Rules (Including Orders, Bye-laws etc. of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories)**

गृह मंत्रालय

नई दिल्ली, 7 जून, 2024

सा.का.नि. 110.—केन्द्रीय सरकार, असम राइफल्स अधिनियम, 2006 (2006 का 47) की धारा 165 की उपधारा (2) के खंड (क) और खंड (ख) के साथ पठित उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, असम राइफल्स (समूह 'ग' के योधक पद) भर्ती संशोधन नियम, 2000 को जहां तक उनका संबंध नायब सूबेदार (भंडारी तकनीकी इंजीनियर) के पद से है, उन बातो के सिवाय अधिक्रांत करते हुए, जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पूर्व किया गया है या करने का लोप किया गया है, गृह मंत्रालय के अधीन असम राइफल्स में नायब सूबेदार (भंडारी तकनीकी इंजीनियर) समूह 'ख' योद्धक के पद पर भर्ती की पद्धति का विनियमन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थातः–

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ.–(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम गृह मंत्रालय, असम राइफल्स नायब सूबेदार (भंडारी तकनीकी इंजीनियर) समूह 'ख' योद्धक पद भर्ती नियम 2024 है।

(2) ये नियम राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख को प्रवृत होंगे।

2. पद की संख्या, वर्गीकरण और वेतन मैट्रिक्स में स्तर-पद की संख्या, उसका वर्गीकरण तथा वेतन मैट्रिक्स में उसका स्तर वह होगा, जो इन नियमों से उपाबद्ध अनुसूची के कॉलम (2) से (4) में विनिर्दिष्ट है।

3. भर्ती की पद्धति, आयु–सीमा और अर्हताएं आदि. –उक्त पद पर भर्ती की पद्धति, आयु–सीमा, अर्हताएं और उससे संबंधित अन्य बातें वे होंगी जो पूर्वोक्त अनुसूची के स्तंभ (5) से (13) में विनिर्दिष्ट हैं।

4. निरर्हता. –वह व्यक्ति, –

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है या विवाह की संविदा की है; या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित रहते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है या विवाह की संविदा की है,

उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा :

परन्तु यदि केंद्रीय सरकार का यह समाधान हो जाता है कि ऐसा विवाह, ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के अन्य आधार हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी।

5. चिकित्सा दृष्टया योग्यता.–चिकित्सा दृष्टया योग्यता स्वस्थता केन्द्रीय सशस्त्र बलों और असम राइफल्स में भर्ती के लिए चिकित्सा दृष्टया योग्यता गृह मंत्रालय द्वारा जारी एक समान दिशा–निर्देशों या तत्पश्चात किए गये संशोधन के अनुसार होगी।

6. अधिवर्षिता.–इन नियमो के अधीन नियुक्त प्रत्येक व्यक्ति उस माह के अंतिम तारीख को जिसमे वह साठ वर्ष की आयु प्राप्त करता है या करती है केंन्द्रीय सरकार द्वारा समय–समय पर विहित अनुसार सेवानिवृत्त होगा।

परन्तु एक व्यक्ति जिसकी जन्म की तारीख मास के पहले दिन को है, वह उस मास से पूर्वमास के अंतिम दिन को 60 वर्ष की आयु पूरी होने पर अपराहान् में सेवानिवृत्त होगाः

परन्तु यह और कि किसी भी व्यक्ति को अधिवर्षिता पर सेवानिवृत्त की विहित आयु से अधिक सेवा में विस्तार की अवधि अनुदत्त नही की जाएगी।

7. निर्वचन.–यदि इन नियमों के निर्वचन के संबंध में कोई प्रश्न उठता है तो उसे केन्द्रीय सरकार को निर्दिष्ट किया जाएगा जो उसका विनिश्चय करेगी।

8. शिथिल करने की शक्ति.–जहां केन्द्रीय सरकार की राय है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है वहां वह उसके लिए जो कारण है उन्हें लेखबद्ध करके इन नियमों के किसी उपबंध को किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत आदेश द्वारा शिथिल कर सकेगी।

9. व्यावृति.–इन नियमों की कोई बात, ऐसे आरक्षण, आयु–सीमा में छूट और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी, जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय–समय पर जारी किये गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गो, भूतपूर्व सैनिकों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए उपबंध करना अपेक्षित है।

अनुसूची

| पद के नाम | पद की संख्या | वर्गीकरण | वेतन मैट्रिक्स मे वेतन | चयन या अचयनत |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| नायब सूबेदार (भंडारी तकनीकी इंजीनियर) | 17*(2024) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है। | सामान्य केन्द्रीय सेवा समूह 'ख' अनुसचिवीय (योद्धक) | वेतन मैट्रिक्स में स्तर–6, (रू0 35,400–1,12,400/–) | चयन |

| सीधे भर्ती के लिए आयु–सीमा। | सीधे भर्ती के लिए आवश्यक शैक्षणिक और अन्य अर्हताएं। | सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएं प्रोन्नत व्यक्तियों की दशा में लागू होंगी या नहीं। | परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो |
|---|---|---|---|
| (6) | (7) | (8) | (9) |
| लागू नहीं होता। | लागू नहीं होता। | लागू नहीं होता। | दो वर्ष |

| भर्ती की प्रणाली– भर्ती सीधे होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति या आमेलन द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों से भरी जाने वाली रिक्तियों की प्रतिशतता। | प्रोन्नति या प्रतिनियुक्ति या आमेलन द्वारा की गई भर्ती की दशा में, वे श्रेणियां जिनसे से प्रोन्नति या प्रतिनियुक्ति या आमेलन किया जाएगा। |
|---|---|
| (10) | (11) |
| पदोन्नति द्वारा | प्रोन्नतिः<br>असम राइफल्स के सदस्यो मे से प्रोन्नति, जिन्होंने हवलदार (भंडारी तकनीकी इंजीनियर) के पद पर वेतन मैट्रिक्स में स्तर–4 (रू0 25,500–81,100/–) मे श्रेणी मे चिकित्सा श्रेणी |

| | |
|---|---|
| | शेप–1 सहित, दस वर्ष नियमित सेवा की हों और निम्नलिखित अर्हताऐं रखते हो:–<br>क. मानचित्र बोध मानक – दो<br>ख. तकनीकी व्यवसायिक परीक्षण – एक<br>ग. बल द्वारा समय–समय पर विहित या प्रन्नति पूर्व न्यूनतम दो से चार सप्ताह का अनिवार्य श्रेणी प्रशिक्षण अर्हित हो।<br>टिप्पण: जहां ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों के संबंध में, जिन्होने अपनी अर्हक या पात्रता सेवा पूरी कर ली है, प्रोन्नति के लिए विचार किया जा रहा हो वहां उनसे ज्येष्ठ व्यक्तियों के संबंध में भी विचार किया जाएगा परंतु यह तब जब कि उनके द्वारा की गई ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा, अपेक्षित अर्हक या पात्रता सेवा के आधे से अधिक या दो वर्ष से, इनमें से जो भी कम हो, कम न हो और उन्होने अपने ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों सहित जिन्होने ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा पहले कही पूरी कर ली है अगली उच्चतर श्रेणी में प्रोन्नति के लिए अपनी परिवीक्षा की अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली हो। |

| यदि विभागीय प्रोन्नति समिति है, तो उसकी संरचना। | |
|---|---|
| (12) | |
| समूह 'ख' विभागीय प्रोन्नति समिति (प्रोन्नति पर विचार करने के लिए) जिसमें निम्नलिखित होगें:–<br>1. महानिरीक्षक असम राइफल्स –अध्यक्ष<br>2. कर्नल (रिकार्ड), असम राइफल्स –सदस्य<br>3. एक तकनीकी अर्हित इंजीनियर के अधिकारी जो लेफ्टिनेंट कर्नल रैंक का हो –सदस्य<br>4. मेजर/डिप्टी कमांडेंट रैंक का एक अधिकारी –सदस्य<br>5. असम राइफल्स के दो कमीशन अधिकारी जो सूबेदार से कम रैंक के न हो, –सदस्य | समूह 'ख' विभागीय पुष्टि समिति ( पुष्टि पर विचार करने के लिए) जिसमें निम्नलिखित होगें:–<br>1. बिग्रेडियर (कार्मिक) असम राइफल्स – अध्यक्ष<br>2. कर्नल (रिकार्ड), असम राइफल्स –सदस्य<br>3. एक तकनीकी अर्हित इंजीनियर के अधिकारी जो लेफ्टिनेंट कर्नल रैंक का हो –सदस्य<br>4. मेजर/डिप्टी कमांडेंट रैंक का एक अधिकारी –सदस्य<br>5. असम राइफल्स के दो कमीशन अधिकारी जो सूबेदार से कम रैंक के न हो, –सदस्य |

| भर्ती करने मे किन परिस्थिति में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा। |
|---|
| (13) |
| लागू नही होता। |

[फा. सं. ए/पर्स/अमेंड/आरआरएस/जी पी बी/कोम्ब/एसकेटी(इंजीनियम)/2018]

आर जोसेस वशुम, उप सचिव, (कार्मिक–II)

## MINISTRY OF HOME AFFAIRS

New Delhi, the 7th June, 2024

**G.S.R 110.—**In exercise of the powers conferred by sub-section (1) read with clauses (a) and (b) of sub-section (2) of section 165 of the Assam Rifles Act, 2006 (47 of 2006) and in supersession of the Assam Rifles (Group 'C' Combatised Posts) Recruitment Amendment Rules, 2000, in so far as it relates to the post of Naib Subedar (Store Keeper Technical Engineer), except as respects things done or omitted to be done before such supersession, the Central Government hereby makes the following rules regulating the method of recruitment to the post of Naib Subedar (Store Keeper Technical Engineer) Group 'B' Combatised in the Assam Rifles under the Ministry of Home Affairs, namely :-

1. **Short title and commencement.-**(1) These rules may be called the Ministry of Home Affairs Assam Rifles Naib Subedar (Store Keeper Technical Engineer), Group 'B' Combatised Post, Recruitment Rules, 2024.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. **Number of posts, classification and level in the pay matrix**.–The number of post, its classification and level in the pay matrix attached thereto shall be as specified in columns (2) to (4) of the Schedule annexed to these rules.

3. **Method of recruitment, age-limit, qualifications, etc.**–The method of recruitment, age-limit, qualifications and other matters relating to the said post shall be as specified in columns (5) to (13) of the afore said Schedule.

4. **Disqualification**.–No person, –

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living; or

(b) who, having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person, shall be eligible for appointment to the said post:

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and that there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

5. **Medical fitness**.–Medical fitness shall be as per uniform guidelines for recruitment in the Central Armed Police Forces and Assam Rifles issued by the Ministry of Home Affairs and subsequent amendment thereof.

6. **Superannuation.-**Every person appointed under these rules shall retire from service on the afternoon of the last day of the month in which he or she attains the age of sixty years or as prescribed by the Central government from time to time:

Provided that a person whose date of birth is on the first day of the month shall retire from service in the afternoon of the last day of the preceding month on attaining the age of sixty years:

Provided further that no person shall be granted extension in service beyond the prescribed age of retirement on superannuation.

7. **Interpretation.-**If any question relating to the interpretation of these rules arises it shall be referred to the Central Government who shall decide the same.

8. **Power to relax**.–Where the Central Government is of the opinion that it is necessary or expedient so to do, it may, by order and for reasons to be recorded in writing, relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons.

9. **Saving**.–Nothing in these rules shall affect reservation, relaxation of age-limit and other concessions required to be provided for the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes, the Other Backward Classes, Ex-servicemen and other special categories of persons in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard.

**SCHEDULE**

| **Name of post.** | **Number of post.** | **Classification.** | **Level in the pay matrix.** | **Whether selection post or non-selection post.** | **Age-limit for direct recruits.** | **Educational and other qualify-cations required for direct recruit-ts.** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **(1)** | **(2)** | **(3)** | **(4)** | **(5)** | **(6)** | **(7)** |
| Naib Subedar (Store Keeper Technical Engineer). | 17* (2024) *Subject to variation dependent on workload. | General Central Service, Group 'B' Non-Gazetted, Non Ministerial (Combatised). | Level-6 in the pay matrix (Rs.35400-112400). | Selection. | Not applicable. | Not applicable. |

| **Whether age and educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of promotees.** | **Period of probation, if any.** | **Method of recruitment whether by direct recruitment or by promotion or by deputation/absorption and percentage of the vacancies to be filled by various methods.** | **In case of recruitment by promotion or deputation/absorption, grades from which promotion or deputation/absorption to made.** |
|---|---|---|---|
| **(8)** | **(9)** | **(10)** | **(11)** |
| Not applicable. | Two years. | By promotion. | Promotion: From amongst members of Assam Rifles holding the rank of Havildar (Store Keeper Technical Engineer) in level-4 in the pay matrix (Rs. 25500-81100) having ten years |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | regular service in the grade with Medical category SHAPE -1, and possessing the following qualifications,-<br>(i) Map Reading Standard – Two;<br>(ii) Technical Trade Test – One;<br>(iii) Qualified in mandatory pre-promotion cadre training of minimum two to four weeks or as prescribed by the Force from time to time.<br>**Note.-** Where Juniors who have completed their qualifying or eligibility service are being considered for promotion, their seniors would also be considered provided they are not short of the requisite qualifying or eligibility service or two years, whichever is less and have successfully completed their probation period for promotion to the next higher level alongwith their juniors who have already completed such qualifying or eligibility service. |

| **If a Departmental Promotion Committee exists, what is its composition.** | |
|---|---|
| **(12)** | |
| **Group 'B' Departmental Promotion Committee (for considering promotion) consisting of:-**<br>1. Inspector General, Assam Rifles –Chairperson;<br>2. Colonel (Records), Assam Rifles –Member;<br>3. One Technically Qualified Officer from Engineers of the rank of Lieutenant Colonel -Member;<br>4. One Officer of the rank of Major or Deputy Commandant -Member;<br>5. Two Junior Commissioned Officer of Assam Rifles not below the rank of Subedar –Member. | **Group 'B' Departmental Confirmation Committee (for considering confirmation) consisting of:-**<br>1. Brigadier Personnel, Assam Rifles- Chairperson;<br>2. Colonel (Records), Assam Rifles – Member;<br>3. One Technically Qualified Officer from Engineers of the rank of Lieutenant Colonel - Member;<br>4. One Officer of the rank of Major or Deputy Commandant – Member;<br>5. Two Junior Commissioned Officer of Assam Rifles not below the rank of Subedar – Member. |

| **Circumstances in which Union Public Service Commission is to be consulted in making recruitment.** |
|---|
| **(13)** |
| Not applicable. |

[F. No. A/Pers/Amdt RRs/Gp B Comb/SKT (Engr)/2018/]

R JOSES VASHUM, Under Secy. (Pers-II)

## समन्वय निदेशालय

## (पुलिस बेतार)

नई दिल्ली, 7 अगस्त, 2024

**सा.का.नि. 111.—**राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परंतुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और समन्वय निदेशालय, पुलिस बेतार (अपर निदेशक, संयुक्त निदेशक एवं उप निदेशक), भर्ती नियम, 2007 को, जहां तक उनका संबंध अपर निदेशक के पद से है, उन बातों के सिवाय अधिक्रांत करते हुए, जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पूर्व किया गया है

या करने का लोप किया गया है, गृह मंत्रालय के अधीन, समन्वय निदेशालय, पुलिस बेतार में अपर निदेशक के पद में भर्ती की पद्धति का विनियमन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात्:-

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारंभ.—**(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम गृह मंत्रालय, समन्वय निदेशालय, पुलिस बेतार, अपर निदेशक (समूह 'क' पद) भर्ती नियम, 2024 है।

(2) ये राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. **पद की संख्या, वर्गीकरण एवं वेतन मैट्रिक्स में स्तर.—**उक्त पद की संख्या, उसका वर्गीकरण और वेतन मैट्रिक्स में स्तर वह होगा, जो इन नियमों से उपाबद्ध अनुसूची के स्तंभ (2) से स्तंभ (4) में विनिर्दिष्ट हैं।

3. **भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं आदि.—**उक्त पद पर भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं और उससे संबंधित अन्य बातें वे होंगी, जो उक्त पूर्वोक्त अनुसूची के स्तंभ (5) से स्तंभ (13) में विनिर्दिष्ट हैं ।

4. **निरर्हता.—** वह व्यक्ति,-

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से, जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है या विवाह की संविदा की है; या

(ख) जिसने अपने पति या पत्नी के जीवित रहते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है, या विवाह की संविदा की है,

उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा:

परन्तु यदि केंद्रीय सरकार का यह समाधान हो जाता है कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार हैं, तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी।

5. **शिथिल करने की शक्ति.—**जहाँ केन्द्रीय सरकार की यह राय है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, तो वहाँ वह उसके लिए जो कारण हैं, उन्हे लेखबद्ध करके और संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करके, इन नियमों के किसी भी उपबन्ध को किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत, आदेश द्वारा शिथिल कर सकेगी।

6. **व्यावृत्ति.—**इन नियमों की कोई बात, ऐसे आरक्षण, आयु-सीमा में छूट और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी, जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर जारी किए गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गों, भूतपूर्व सैनिकों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए उपबंध करना अपेक्षित है।

**अनुसूची**

| पद का नाम। | पदों की संख्या। | वर्गीकरण। | वेतन मैट्रिक्स में स्तर। |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| अपर निदेशक । | 2* (2024)<br>*कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है। | साधारण केंद्रीय सेवा, समूह 'क' राजपत्रित, अननुसचिवीय। | वेतन मैट्रिक्स में स्तर-13 (123100-215900 रू०) । |

| चयन अथवा अचयन पद। | सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए आयु-सीमा। | | सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अर्हताएं। |
|---|---|---|---|
| (5) | (6) | | (7) |
| चयन । | लागू नहीं होता । | | लागू नहीं होता । |
| सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएं प्रोन्नति की दशा में लागू होंगी या नहीं। | परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो। | भर्ती की पद्धति- भर्ती सीधे होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा और विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की प्रतिशतता। | प्रोन्नति या प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा भर्ती की दशा में, वे श्रेणियां जिनसे प्रोन्नति या प्रतिनियुक्ति/आमेलन किया जाएगा । |

| (8) | (9) | (10) | (11) |
|---|---|---|---|
| लागू नहीं होता। | लागू नहीं होता। | प्रोन्नति द्वारा, जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा। | **प्रोन्नति :-**<br>संयुक्त निदेशक जिन्होंने वेतन मैट्रिक्स के स्तर-12 (रू० 78800-209200) में उस श्रेणी में पाँच वर्ष नियमित सेवा की हो और समन्वय निदेशालय पुलिस बेतार द्वारा संचालित पुलिस संचार परख एवं प्रबंधन में दो सप्ताह का प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा किया हो।<br>**टिप्पण:-** जहां ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों के संबंध में, जिन्होंने अपनी अर्हक या पात्रता सेवा पूरी कर ली है, प्रोन्नति के लिए विचार किया जा रहा हो वहां उनसे ज्येष्ठ व्यक्तियों के संबंध में भी विचार किया जाएगा परन्तु यह तब जब कि उनके द्वारा की गई ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा, अपेक्षित अर्हक या पात्रता सेवा के आधे से अधिक से या दो वर्ष से, इनमें से जो भी कम हो, कम न हो और उन्होंने अपने ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों सहित, जिन्होंने ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा पहले ही पूरी कर ली है, अगली उच्चतर श्रेणी में प्रोन्नति के लिए अपनी परिवीक्षा की अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली हो।<br>प्रतिनियुक्ति:<br>केंद्रीय सरकार या राज्य सरकार या संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन के अधिकारी:-<br>(क) (i) जिन्होंने मूल काडर या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किया हो; या<br>(ii) जिन्होंने मूल काडर या विभाग में वेतन मैट्रिक्स के स्तर-12 (रू० 78800-209200) में या समतुल्य में पद पर नियमित आधार पर नियुक्ति के पश्चात पांच वर्ष सेवा की हो; और<br>(ख) जिनके पास निम्नलिखित शैक्षिक अर्हताएँ और अनुभव हो,-<br>(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से इलेक्ट्रॉनिक्स या दूरसंचार या संचार या कम्प्युटर विज्ञान या सूचना प्रौद्योगिकी में इंजीनियरी में स्नातक या प्रौद्योगिकी में स्नातक की डिग्री; या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से भौतिक विज्ञान या कंप्यूटर एप्लीकेशन में मास्टर डिग्री के साथ रेडियो संचार, कंप्यूटर संचार या उपग्रह संचार में दस |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | वर्ष का अनुभव; या<br>(ii) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से इलेक्ट्रॉनिक्स या दूरसंचार या संचार या कंप्यूटर विज्ञान या सूचना प्रौद्योगिकी में इंजीनियरी में मास्टर डिग्री या प्रौद्योगिकी में मास्टर डिग्री के साथ रेडियो संचार, कंप्यूटर संचार या उपग्रह संचार में आठ वर्ष का अनुभव ।<br>**टिप्पण 1:** प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत केंद्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है साधारणतया पाँच वर्ष से अधिक नहीं होगी।<br>**टिप्पण 2:** प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को छप्पन वर्ष से अधिक नहीं होगी।<br>**टिप्पण 3:** पोषक प्रवर्ग के ऐसे विभागीय अधिकारी, जो प्रोन्नति की सीधी पंक्ति में हैं, प्रतिनियुक्त पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। इसी प्रकार प्रतिनियुक्त व्यक्ति प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। |

| **यदि विभागीय प्रोन्नति समिति है, तो उसकी संरचना।** | **भर्ती करने में किन परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा।** |
|---|---|
| **(12)** | **(13)** |
| समूह 'क' विभागीय प्रोन्नति समिति (प्रोन्नति पर विचार करने के लिए), जिसमें निम्नलिखित होंगे :-<br>1. अध्यक्ष या सदस्य, संघ लोक सेवा आयोग – अध्यक्ष;<br>2. संयुक्त सचिव, गृह मंत्रालय – सदस्य ;<br>3. निदेशक, समन्वय निदेशालय पुलिस बेतार – सदस्य। | संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श आवश्यक नहीं है। |

[फा. सं. ए. 11016/1/आर. आर (अप.नि.)/2020-प्र.II]

चन्दन कुमार, अवर सचिव

**DIRECTORATE OF COORDINATION**

**(Police Wireless)**

New Delhi, the 7th August, 2024.

**G.S.R. 111.—**In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution and in supersession of the Directorate of Co-ordination Police Wireless (Additional Director, Joint Director and Deputy Director) Recruitment Rules, 2007, in so far as they relate to the post of Additional Director except as respects things done or omitted to be done before such supersession, the President hereby makes the following rules regulating the

method of recruitment to the post of Additional Director in the Directorate of Co-ordination Police Wireless, under the Ministry of Home Affairs, namely :-

1. **Short title and commencement.–**(1) These rules may be called the Ministry of Home Affairs, Directorate of Co-ordination, Police Wireless, Additional Director, (Group 'A' Post) Recruitment Rules, 2024.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. **Number of post, classification and level in pay matrix.–**The number of post, its classification and level in the pay matrix attached thereto shall be as specified in columns (2) to (4) of the Schedule annexed to these rules.

3. **Method of recruitment, age-limit, qualifications, etc.–** The method of recruitment, age-limit, qualifications, and other matters relating to the said post shall be as specified in columns (5) to (13) of the aforesaid Schedule.

4. **Disqualification.–**No person,

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living; or

(b) who, having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person,

shall be eligible for appointment to the said post :

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and that there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

5. **Power to relax.–**Where the Central Government is of the opinion that it is necessary or expedient so to do, it may, by order, for reasons to be recorded in writing and in consultation with the Union Public Service Commission, relax any of the provisions of these rules with respect of any class or category of persons.

6. **Saving.–**Nothing in these rules shall affect reservation, relaxation of age-limit and other concessions required to be provided for the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes, the Other Backward Classes, ex-servicemen and other special categories of persons in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard.

**SCHEDULE**

| **Name of post.** | **Number of post.** | **Classification.** | **Level in pay matrix.** |
|---|---|---|---|
| **(1)** | **(2)** | **(3)** | **(4)** |
| Additional Director. | 2 * (2024)<br>* subject to variation dependent on workload. | General Central Service,<br>Group 'A', Gazetted,<br>Non-Ministerial. | Level 13 (Rs. 123100-215900) in the pay matrix. |

| **Whether selection post or non-selection post.** | **Age-limit for direct recruits.** | **Educational and other qualifications required for direct recruits.** |
|---|---|---|
| **(5)** | **(6)** | **(7)** |
| Selection. | Not applicable. | Not applicable. |

| **Whether age and educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of promotees.** | **Period of probation, if any.** | **Method of recruitment whether by direct recruitment or by promotion or by deputation/absorption and percentage of the vacancies to be filled by various methods.** | **In case of recruitment by promotion or by deputation/absorption, grades from which promotion or deputation/absorption to be made.** |
|---|---|---|---|
| **(8)** | **(9)** | **(10)** | **(11)** |
| Not applicable. | Not applicable. | By promotion, failing which by deputation. | Promotion:<br>Joint Director in level 12 (Rs. 78800-209200) in the pay matrix with five |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | years' of regular service in the grade and have successfully completed two weeks training programme in Police Communication appreciation and management conducted by Directorate of Coordination Police Wireless.<br>**Note:** Where juniors who have completed their qualifying or eligibility service are being considered for promotion, their seniors would also be considered provided they are not short of the requisite qualifying or eligibility service by more than half of such qualifying or eligibility service or two years, whichever is less, and have successfully completed their probation period for promotion to the next higher grade along with their juniors who have already completed such qualifying or eligibility service.<br>Deputation:<br>Officers under the Central Government or State Governments or Union territories,-<br>(a) (i) holding analogous posts on regular basis in the parent cadre or department; or<br>(ii) with five years' service in the grade rendered after appointment thereto on a regular basis post in level 12 (Rs. 78800-209200) in the pay matrix or equivalent in the parent cadre or department; and<br>(b) possessing the following educational qualification and experience, namely:-<br>(i) Bachelor of Engineering or Bachelor of Technology in Electronics or Telecommunications or Communica-tions or Computer Science or Information Technology or Master degree in Physics or Computer Applications from a recognised University or institute with ten years experience in Radio Communication, Computer Communication or Satellite Communication; or<br>(ii) Master of Engineering or Master of Technology in Electronics or Teleco-mmunications or Communications or Computer Science or Information Technology from a recognised University or institute with eight years' experience in Radio Communication, Computer Communication or Satellite Communication.<br>**Note 1:** The period of deputation including the period of deputation in another ex-cadre post held immediately preceding this appointment in the same or some other organisation or department of the Central Government shall ordinarily not exceed five years. |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | **Note 2:** The maximum age-limit for appointment by deputation shall be not exceeding fifty-six years as on the last date of receipt of applications.<br>**Note 3:** The departmental officers in the feeder category who are in the direct line of promotion shall not be eligible for consideration for appointment on deputation or absorption. Similarly, deputationists shall not be eligible for consideration for appointment by promotion. |

| **If a Departmental Promotion Committee exists, what is its composition.** | **Circumstances in which Union Public Service Commission is to be consulted in making recruitment.** |
|---|---|
| **(12)** | **(13)** |
| Group ‘A’ Departmental Promotion Committee (for considering promotion) consisting of :-<br>1. Chairman or Member of Union Public Service Commission –Chairman;<br>2. Joint Secretary, Ministry of Home Affairs –Member;<br>3. Director, Directorate of Coordination Police Wireless –Member. | Consultation with Union Public Service Commission is not necessary. |

[F. No. A-11016/1/RR(Addl.Dir)/2020-AD.II]

CHANDAN KUMAR, Under Secy.

---

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**

**(केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य स्कीम प्रभाग)**

नई दिल्ली, 24 जून, 2024

**सा.का.नि. 112.—**राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परंतुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य स्कीम, भेषजाज (ऐलोपैथिक) भर्ती नियम, 2015 के अधिक्रमण में, उन बातों के सिवाय जिन्हें इस तरह के अधिक्रमण से पहले किया गया है या करने का लोप किया गया है, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य स्कीम में भेषजाज (ऐलोपैथिक) के पद पर भर्ती की विधि को विनियमित करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाती हैं, अर्थात्:

**1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ-**(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय,केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य स्कीम संगठन, भेषजाज (ऐलोपैथिक) भर्ती नियम, 2024 है।

(2) वे सरकारी राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे।

2. **पद की संख्या, वर्गीकरण और वेतन मैट्रिक्स में स्तर-** उक्त पद की संख्या, उसका वर्गीकरण और उक्त पद से संबंधित वेतन मैट्रिक्स में स्तर इन नियमों के साथ संलग्न अनुसूची के स्तंभ (2) से (4) में यथा निर्दिष्ट होंगे।

**3. भर्ती की विधि, आयु-सीमा, अर्हता आदि- उक्त पद से संबंधित भर्ती की विधि, आयु-सीमा, अर्हता** और अन्य मामले उक्त अनुसूची के स्तंभ (5) से (13) में यथा निर्दिष्ट होंगे।

**4. निरर्हता-** कोई व्यक्ति-

(क) जिसने किसी ऐसे व्यक्ति के साथ विवाह किया है या अनुबंध किया है जिसके पति या पत्नी जीवित हैं; या

(ख) जिसने पति या पत्नी के जीवित रहते हुए किसी अन्य व्यक्ति के साथ विवाह किया हो या अनुबंध किया हो,

उक्त पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होंगे:

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार का यह समाधान हो जाता है कि ऐसे व्यक्ति और विवाह के दूसरे पक्ष पर लागू स्वीय विधि के अधीन ऐसा विवाह अनुमेय है और ऐसा करने के अन्य आधार हैं, तो किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकती है।

**5. शिथिल करने की शक्ति-**जहां केन्द्रीय सरकार की राय है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वह आदेश द्वारा, ऐसे कारणों से जो लेखबद्ध किए जाएंगे और संघ लोक सेवा आयोग के परामर्श से व्यक्तियों के किसी वर्ग या श्रेणी के संबंध में इन नियमों के किसी भी उपबंध में छूट दे सकती है।

**6. व्यावृति -**इन नियमों की कोई भी बात इस संबंध में केन्द्र सरकार द्वारा समय-समय पर जारी आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़ी जातियों, भूतपूर्व सैनिकों और अन्य विशेष श्रेणियों के व्यक्तियों के लिए प्रदान की जाने वाली आरक्षण, आयु-सीमा में छूट और अन्य विशेष रियायतों को प्रभावित नहीं करेगी

**अनुसूची**

| **पद का नाम** | **पदों की संख्या** | **वर्गीकरण** | **वेतन मैट्रिक्स में स्तर** | **क्या चयन पद या गैर-चयन पद है** | **सीधी भर्ती के लिए आयु-सीमा** |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| भेषजाज (ऐलोपैथिक) | 722* (2024)<br>केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य स्कीम, अहमदाबाद- 22;<br>केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य स्कीम, बेगलुरु - 24;<br>केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य स्कीम, भोपाल - 06;<br>केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य स्कीम, भुवनेश्वर-10;<br>केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य स्कीम, चंडीगढ़ -14;<br>केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य स्कीम, चेन्नई-36;<br>केंद्रीयसरकार स्वास्थ्य स्कीम, देहरादून -06;<br>केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य स्कीम, दिल्ली -232;<br>केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य | साधारण केंद्रीय सेवा, समूह 'ग', अराजपत्रित,<br>अननुसचवीय | वेतन मैट्रिक्स (रु. 29200-92300) में स्तर-5 | लागू नहीं होता। | 18 से 27 वर्ष की आयु के बीच।<br>(केन्द्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर जारी अनुदेशों या आदेशों के अनुसार साधारण अभ्यर्थियों के मामले में चालीस वर्ष की आयु तक और अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के मामले में पैंतालीस वर्ष की आयु तक छूट)।<br>**टिप्पण1.-**आयु-सीमा अवधा-रित करने की निर्णायक तारीख असम, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा, सिक्किम, लाहौल और स्पीति जिले और हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले के पांगी उप-प्रभाग और लद्दाख,अंडमान |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | स्कीम, गुवाहाटी-10;<br>केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य स्कीम, हैदराबाद-40;<br>केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य स्कीम, जबलपुर-12;<br>केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य स्कीम, जयपुर-22;<br>केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य स्कीम, कानपुर -18;<br>केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य स्कीम, कोलकाता -44;<br>केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य स्कीम, लखनऊ-26;<br>केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य स्कीम, मेरठ-20;<br>केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य स्कीम, मुंबई -62;<br>केंद्रीयसरकार स्वास्थ्य स्कीम, नागपुर -32;<br>केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य स्कीम, पटना -18;<br>केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य स्कीम, पुणे-20;<br>केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य स्कीम, प्रयागराज-20;<br>केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य स्कीम, रांची - 08;<br>केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य स्कीम, शिलांग -08; और<br>केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य स्कीम, त्रिवेंद्रम-12<br>*कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है। | | | | और निकोबार और लक्षद्वीप संघ राज्य क्षेत्रों के अभ्यर्थियों से आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख होगी।<br>**टिप्पणी 2-** रोजगार कार्यालय के माध्यम से की गई भर्ती के मामले में, आयु-सीमा निर्धारित करने की निर्णायक तारीख वह अंतिम तारीख होगी जब तक रोजगार कार्यालय को नाम प्रस्तुत करने के लिए कहा जाता है। |

| सीधी भर्ती के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अर्हताएं। | क्या सीधी भर्ती के लिए विहित आयु और शैक्षणिक अर्हताएं प्रोन्नति के मामले में लागू होंगी। | परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो। | भर्ती की पद्धति, चाहे सीधी भर्ती द्वारा या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा और विभिन्न रीति से भरी जानी रिक्तियों का प्रतिशत। | प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा भर्ती के मामले में, ग्रेड जिसमें से प्रोन्नति या प्रतिनियुक्ति/आमेलन किया जाना है। |
|---|---|---|---|---|
| (7) | (8) | (9) | (10) | (11) |
| (i) केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकारों द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से भेषजी (एलोपैथिक) में स्नातक की डिग्री; और<br>(ii) भेषजी अधिनियम, 1948 के अधीन भेषजज के रूप में रजिस्ट्री; अथवा<br>(iii) केंद्रीय सरकार या राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से डॉक्टर ऑफ भेषजी; और<br>(iv) भेषजी अधिनियम, 1948 के अधीन भेषजज के रूप में रजिस्ट्रीकृत। | लागू नहीं होता। | दो वर्ष<br>**टिप्पण-** केंद्रीय सरकार द्वारा निर्धारित परिवीक्षा के सफल समापन के लिए कम से कम दो सप्ताह की अवधि का आरंभिक प्रशिक्षण होगा। | सीधी भर्ती द्वारा।<br>**टिप्पण-** पदधारी के प्रतिनियुक्ति या लंबी बीमारी या अध्ययन अवकाश या अन्य परिस्थितियों में एक वर्ष या उससे अधिक की अवधि के लिए दूर होने के कारण होने वाली रिक्तियों को केंद्रीय सरकार के निम्नलिखित अधिकारियों से प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरा जा सकता है, -<br>(क) मूल संवर्ग या विभाग में नियमित आधार पर समान पद पर हों; और<br>(ख) उनके पास स्तंभ (7) के अधीन सीधी भर्ती के लिए शैक्षिक अर्हताएं और अनुभव हो। | लागू नहीं होता। |

| यदि विभागीय प्रोन्नति समिति मौजूद है, तो इसका संघटन क्या है। | जिन परिस्थितियों में भर्ती करने में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाना है। |
|---|---|
| (12) | (13) |
| समूह 'ग' विभागीय पुष्टिकरण समिति (पुष्टिकरण पर विचार करने के लिए) जिसमें निम्नलिखित सम्मिलित हैं: -<br>1. अपर निदेशक, संबंधित केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य स्कीम शहर - अध्यक्ष;<br>या अपर निदेशक केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य स्कीम (मुख्यालय)<br>2. मुख्य चिकित्सा अधिकारी, संबंधित केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य स्कीम शहर -सदस्य;<br>3. प्रशासनिक अधिकारी, स्थापना संबंधित केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य स्कीम शहर या संबंधित | लागू नहीं होता। |

| | |
|---|---|
| केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य स्कीम शहर के अपर निदेशक द्वारा नामित संबंधित केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य स्कीम शहर का कोई समूह 'क' अधिकारी - सदस्य | |

[फा. सं. ए-12018/01/2015-सीजीएचएस-I]

राजेंद्र सिंह सिद्धू, अवर सचिव

## MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE

## (Central Government Health Scheme Division)

New Delhi, the 24th June, 2024

**G.S.R. 112.—**In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution and in supersession of the Ministry of Health and Family Welfare, Central Government Health Scheme Organisation, Pharmacist (Allopathic) Recruitment Rules, 2015, except as respects things done or omitted to be done before such supersession, the President hereby makes the following rules regulating the method of recruitment to the post of Pharmacist (Allopathic), in the Central Government Health Scheme Organisation, Ministry of Health and Family Welfare, namely:-

1. **Short title and commencement.-**(1) These rules may be called the Ministry of Health and Family Welfare, Central Government Health Scheme Organisation, Pharmacist (Allopathic), Group ‘C’ Post, Recruitment Rules, 2024.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. **Number of post, classification and level in pay matrix.-**The number of the said post, its classification and level in the pay matrix attached thereto shall be as specified in columns (2) to (4) of the Schedule annexed to these rules.

3. **Method of recruitment, age-limit, qualifications, etc. -**The method of recruitment, age-limit, qualifications and other matters relating to the said post shall be as specified in columns (5) to (13) of the said Schedule.

4. **Disqualification.-**No person,-

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living; or

(b) who, having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person,

shall be eligible for appointment to the said post:

Provided that the Central Government may, if satisfied that such a marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and that there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

5. **Power to relax.-** Where the Central Government is of the opinion that it is necessary or expedient so to do, it may, by order and for reasons to be recorded in writing, relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons.

6. **Saving.-**Nothing in these rules shall affect reservation, relaxation of age-limit and other concession required to be provided for the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes, the Other Backward Classes, the Ex-servicemen and other special categories of persons in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard.

**SCHEDULE**

| **Name of post.** | **Number of post.** | **Classification.** | **Level in pay matrix.** | **Whether selection post or non-selection post.** | **Age-limit for direct recruits.** |
|---|---|---|---|---|---|
| **(1)** | **(2)** | **(3)** | **(4)** | **(5)** | **(6)** |
| Pharmacist (Allopathic). | 722* (2024)<br>Central Government Health Scheme, Ahmedabad- 22;<br>Central Government Health Scheme, Bengaluru - 24;<br>Central Government Health Scheme, | General Central Service, Group ‘C’, Non-Gazetted,<br>Non-Ministerial. | Level - 5 in the pay matrix (Rs. 29200-92300). | Not applicable. | Between 18 and 27 years of age.<br>(Relaxable for the departmental candidates up to the age of |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | Bhopal - 06 ;<br><br>Central Government Health Scheme, Bhubaneswar-10;<br><br>Central Government Health Scheme, Chandigarh –14;<br><br>Central Government Health Scheme, Chennai–36;<br><br>Central Government Health Scheme, Dehradun –06;<br><br>Central Government Health Scheme, Delhi –232;<br><br>Central Government Health Scheme, Guwahati–10;<br><br>Central Government Health Scheme, Hyderabad–40;<br><br>Central Government Health Scheme, Jabalpur –12;<br><br>Central Government Health Scheme, Jaipur–22;<br><br>Central Government Health Scheme, Kanpur –18;<br><br>Central Government Health Scheme, Kolkata –44;<br><br>Central Government Health Scheme, Lucknow–26;<br><br>Central Government Health Scheme, Meerut–20;<br><br>Central Government Health Scheme, Mumbai –62;<br><br>Central Government Health Scheme, Nagpur –32;<br><br>Central Government Health Scheme, Patna –18;<br><br>Central Government Health Scheme, Pune–20;<br><br>Central Government Health Scheme, Prayagraj –20;<br><br>Central Government Health Scheme, Ranchi - 08;<br><br>Central Government Health Scheme, Shillong –08; and<br><br>Central Government Health Scheme, Trivendrum - 12.<br><br>* Subject to variation dependent on workload. | | | | forty years in the case of general candidates and up to the age of forty-five years in the case of candidates belonging to the Scheduled Castes and the Scheduled Tribes in accordance with the instructions or orders issued by the Central Government from time to time).<br><br>**Note 1**.- The crucial date for determining the age-limit shall be the closing date for receipt of applications from candidates and not the closing dates for those in Assam, Mizoram, Manipur, Nagaland, Meghalaya, Arunachal Pradesh, Tripura, Sikkim, Lahaul and Spiti District and Pangi Sub-Division of Chamba District of Himachal Pradesh and the Union territories of Ladakh, Andaman and Nicobar Islands and Lakshadweep. |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | **Note 2.-** In the case of recruitment made through employment exchange, the crucial date for determining the age-limit shall be the last date upto which the employment exchange is asked to submit the names. |

| **Educational and other qualifications required for direct recruits.** | **Whether age and educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of promotees.** | **Period of probation, if any.** | **Method of recruitment whether by direct recruitment or by promotion or by deputation/ absorption and percentage of the vacancies to be filled by various methods.** | **In case of recruitment by promotion or by deputation / absorption, grades from which promotion or deputa-tion/absorption to be made.** |
|---|---|---|---|---|
| **(7)** | **(8)** | **(9)** | **(10)** | **(11)** |
| (i) Bachelor Degree in Pharmacy (Allopathic) from a Central Governments or State Governments recognised University or institute ; and<br>(ii) Registered as Pharmacist under the Pharmacy Act, 1948; or<br>(iii) Doctor of Pharmacy from a Central Government or State Government recognised | Not applicable. | Two years.<br>**Note.-** There shall be a mandatory induction training of at least two weeks duration for successful completion of probation as prescribed by the Central Government. | By direct recruitment.<br>**Note.-**Vacancies caused by the incumbent being away on deputation or long illness or study leave or under other circum-stances for a dura-tion of one year or more may be filled on deputation basis from the officers of the Central Govern-ment,-<br>(a) holding analogous posts on | Not applicable. |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| University or institute ; and (iv) Registered as Pharmacist under the Pharmacy Act, 1948. | | | regular basis in the parent cadre or department; and (b) possessing the educational qualifications and experience for direct recruits under column (7). | |

| **If a Departmental Promotion Committee exists, what is its composition.** | **Circumstances in which Union Public Service Commission is to be consulted in making recruitment.** |
|---|---|
| **(12)** | **(13)** |
| Group 'C' Departmental Confirmation Committee (for considering confirmation) consisting of :-<br>1. Additional Director, concerned Central Government Health Scheme city - Chairman ;<br>or Additional Director Central Government Health Scheme (Headquarter)<br>2. Chief Medical Officer, concerned Central Government Health Scheme city -Member ;<br>3. Administrative Officer, Establishment concerned Central Government Health Scheme city or a Group 'A' officer of concerned Central Government Health Scheme city as<br>nominated by Additional Director of concerned Central Government Health Scheme city - Member. | Not applicable. |

[F. No. A-12018/01/2015-CGHS-I]

RAJENDER SINGH SIDHU, Under Secy.

नई दिल्ली, 24 जून, 2024

**सा.का.नि. 113.—**राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परंतुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना संगठन, परा-चिकित्सा एवं साधारण श्रेणी (समूह 'ग' पद) भर्ती नियम, 2015 का संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाती हैं, अर्थात् :

1. (1) **संक्षिप्त नाम और प्रारंभ -**(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना संगठन, परा-चिकित्सा एवं साधारण श्रेणी (समूह 'ग' पद) भर्ती(संशोधन) नियम, 2024 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना संगठन, परा-चिकित्सा एवं साधारण श्रेणी (समूह 'ग' पद) भर्ती नियम, 2015 (इसमें इसके पश्चात मूल नियम कहा गया है) में अनुसूचित हैं ।

(i) क्रम सं. 1 पर, फार्मासिस्ट-सह-लिपिक (यूनानी) के पद के संबंध में स्तंभ (7) के अंतर्गत प्रविष्टियों के स्थान पर निम्नलिखित को प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात्:-

"अनिवार्य :

I. (i) किसी मान्यताप्राप्त बोर्ड या विश्वविद्यालय से विज्ञान विषयों (भौतिकी, रसायन विज्ञान, गणित या जीव विज्ञान) सहित 12वीं कक्षा उत्तीर्ण अथवा उर्दू या अरबी या फारसी में कोई समतुल्य प्राच्य अर्हता;

(ii) केंद्र या राज्य सरकार से मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से यूनानी फार्मेसी में कम से कम दो वर्ष की अवधि का डिप्लोमा; और

(iii) केंद्र या राज्य सरकार के यूनानी अस्पताल या फार्मेसी से या केंद्र या राज्य सरकार द्वारा मान्यताप्राप्त अथवा पैनलबद्ध यूनानी अस्पताल या फार्मेसी में यूनानी फार्मासिस्ट के रूप में दो वर्ष का अनुभव;

अथवा

II. केंद्र या राज्य सरकार से मान्यताप्राप्त किसी विश्वविद्यालय या संस्थान से यूनानी फार्मेसी में डिग्री।

**टिप्पण 1 :** अर्हताएं, अन्यथा सुअर्हित अभ्यर्थियों की दशा में कर्मचारी चयन आयोग या सक्षम प्राधिकारी के विवेकानुसार शिथिल की जा सकती हैं।

